राष्ट्रीय लोक अदालत

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, फूलियाकलां जिला भीलवाड़ा (राज0)

पीठासीन अधिकारी : श्रीमती ज्योति मीणा, आर0ए0एस0

प्रकरण संख्या 563/2016 प्रार्थनापत्र

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट, 1956

उनवान

श्री रघुनाथ जी महाराज स्थान फूलियाकलां उम्र नाबालिग सरप्रस्त जरिये पुजारी :

1. रतनदास पिता रामनाथदास वैष्णव नि0 फूलियाकलां तह0 फूलियाकलां
2. ओमप्रकाश पिता रामनारायण वैष्णव नि0 फूलियाकलां तह0 फूलियाकलां
3. मुन्नाराम पिता सोहनदास वैष्णव नि0 फूलियाकलां तह0 फूलियाकलां
4. नानूराम पिता रूघनाथदास वैष्णव नि0 फूलियाकलां तह0 फूलियाकलां
5. द्वारका प्रसाद पिता छोटूदास वैष्णव नि0 फूलियाकलां तह0 फूलियाकलां
6. ईश्वरदयाल पिता बंशीदास वैष्णव नि0 फूलियाकलां तह0 फूलियाकलां

प्रार्थीगण

बनाम

1. संजयकुमार मुत0 रामनाथ जाट निवासी सणगारी तह0 फूलियाकलां
2. रामनारायण पिता जगन्नाथ जाट निवासी सणगारी तह0 फूलियाकलां
3. गोपाल पिता श्रीकिशन भील निवासी सणगारी तहसील फूलियाकलां
4. सागरदेवी पत्नि गोपाल मीणा नि0 गोरा का खेड़ा तहसील कोटड़ी
5. रघुराजसिंह पिता गिरवरसिंह राजपूत नि0 गणपतिया खेड़ा

विपक्षीगण

निर्णय

दिनांक **11.02.2017**

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विपक्षीगण के विरूद्व प्रस्तुत किया गया, जिसके संक्षेप मे तथ्य इस प्रकार से है :– प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम **सणगारी पटवार मण्डल सणगारी** तहसील फूलियाकलां जिला भीलवाड़ा मे स्थित खाता संख्या 116 मे आराजी नम्बर 310 रकबा 0.38 है0, आ0न0 311 रकबा 0.17 है0, आ0न0 312 रकबा 0.32 है0, आ0न0 313 रकबा 0.21 है0, आ0न0 314 रकबा 0.21 है0, आ0न0 315 रकबा 0.01 है0, आ0न0 316 रकबा 0.11 है0, आ0न0 317 रकबा 0.16 है0 आराजी कुल किता 08 रकबा 1.57 है0 का प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ोसी है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य आराजी के

सीमाचिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। अतः पत्थरगढ़ी कराई जावे।

प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर विपक्षीगणों को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत मे रखा गया। विपक्षीगण बावजूद सूचना उपस्थित नही होने के कारण एक तरफा कार्यवाही की गई तथा बहस अभिभाषक प्रार्थीगण सुनी गई। हमने पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबन्दी ग्राम **सणगारी** संवत 2072 से 2075 तक का अवलोकन किया उपरोक्त वर्णित आराजीयात के प्रार्थीगण खातेदार दर्ज होकर अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा **सणगारी** मे स्थित प्रार्थीगण की उपरोक्त खातेदारी की आराजीयात किता 08 रकबा 1.57 हैक्टयर की पुख्ता पत्थरगढ़ी पक्षकारान की मौजूदगी मे अगर मौके पर अन्य कोई विवाद न हो व कोई प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन न हो तो कब्जे मे हस्तक्षेप नही करते हुए पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार, फूलियाकलां को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। पत्थरगढ़ी हेतु कमिश्नर फीस 600/- रूपये (अक्षरे छः सौ रूपये मात्र) कायम किये जाते है जो प्रार्थीगण से तहसीलदार फूलियाकलां मौके पर प्राप्त करे। पत्थरगढ़ी मौका पर्चा पेश करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

आदेश आज **दिनांक 11.02.2017** को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(ज्योति मीणा)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलेक्टर
फूलिया कलाँ,जिला-भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :- तहसीलदार, फूलियाकलां पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान की मौजूदगी मे नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावे।

उपखण्ड अधिकारी,
फूलियाकलां
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलेक्टर
फूलिया कलाँ,जिला-भीलवाड़ा